हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025


तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

12 सीमा पर शहीद हुए पुलिस कर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि



12 पटना साहिब से निकला नगर कीर्तन अंबाला पहुंचा




EXCELLENCE THROUGH FAITH & COMMITMENT
RPSGOS

## RPS GROUP OF SCHOOLS
Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

27 years Excellence in Education

7th All India RPS
# OLYMPIAD
Online & Offline Mega Event

REGISTRATION FEE | CLASSES I-V ₹260/- | CLASSES VI-X ₹370/-

FIRST PHASE (IX – X) (ONLINE) 2025 25th OCTOBER
FIRST PHASE (I – VIII) (ONLINE) 2025 26th OCTOBER
SECOND PHASE (I – X) (OFFLINE) 2025 8th NOVEMBER

| CLASS | 1ST | 2ND | 3RD | 4TH - 30TH | 31ST - 40TH |
|---|---|---|---|---|---|
| IX-X | ₹ 31000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| VIII | ₹ 21000 | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| IV-VII | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |
| I-III | ₹ 11000 | ₹ 7100 | ₹ 5100 | ₹ 3100 | ₹ 2100 |

Lot many exciting rewards from 41ST - 50TH

LAST DATE OF REGISTRATIONS
2025 24th OCTOBER (TILL 9:00 AM)

*For details related to Subjects, Class-wise Syllabus & Registration please refer to our website
www.rpsolympiad.in
Unlock PYQs Here

For enquiries related to RPS Olympiad, Please contact Ph.:8222999182, 8409989898, 7827466258, 9467064534, 70424 96986

## FUTURES ILLUMINATED-DIWALI OF SUCCESS !

CUET -2025 AIR-3
Marks 1205/1250
PURVA SINGH
D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH

Selected in TEAM INDIA for IJSO-2025 to be held at SOCHI, RUSSIA
AADISH JAIN S/o Dr. RITIKA JAIN & Dr. GOURAV JAIN

UNIVERSITY OF SOUTHAMPTON, ENGLAND
GAURAV DEWAN S/o Ms. ARITA DEWAN & MR. ASHISH DEWAN

ISI (INDIAN STATISTICAL INSTITUTE, KOLKATA) AIR 2
ISHAN AFRIA S/o Ms. SANTOSH & Mr. NARENDER KUMAR

CBSE CLASS XII TOPPERS
99% MARKS ANUSHKA ROY D/o Ms. REENA CHAUDHARY Mr. SANJAY ROY
99% MARKS PARV S/o Ms. DEEPIKA & Mr. NAVNEET

CBSE CLASS X TOPPER 99.6% MARKS
DHRUV SINGHROHA S/o Ms. ARCHANA & Mr. VIRENDER SINGHROHA

JUNIOR & YOUTH NATIONAL PARA BADMINTON CHAMPIONSHIP 2025 5 GOLD MEDALS
KARTIK SUHAG S/o Ms. SAROJ & Mr. SATISH KUMAR

ODISSI DANCE SCHOLARSHIP CTSSS CBSE CLASS- X 99%
AMISHI GAUTAM D/o Ms. SAPNA GAUTAM & Mr. ANURAG GAUTAM

### ROAD TO SRCC

PURVA SINGH D/o Ms. BHAWNA & Mr. KULDEEP SINGH SRCC, DELHI
VAISHNAVI PANDEY D/o Ms. PUSHPA TIWARI & Mr. RAGHAWENDRA N. P. SRCC, DELHI
HARISH KUMAR S/o Ms. NEELAM YADAV & Mr. ASHOK KUMAR SRCC, DELHI
RIDDHIMA D/o Ms. KAVITA & Mr. RAJKUMAR SRCC, DELHI
DAKSHU S/o Ms. REKHA DEVI & Mr. DINESH KUMAR SRCC, DELHI
MANNU DEV S/o Ms. SAROJ & Mr. DHARMENDER SRCC, DELHI
HARSHITA YADAV D/o Ms. KUSUM YADAV & Mr. KULDEEP SINGH SRCC, DELHI

### SUPER ACHIEVEMENTS:
SHAPING CHAMPIONS WITH A 360° VISION

107 STUDENTS Above 500 Marks NEET Qualifiers
55 STUDENTS Above 99%ile JEE Main Qualifiers
96 STUDENTS JEE Advanced Qualifiers
145 STUDENTS NDA Written Qualifiers
59 STUDENTS CLAT Qualifiers
155+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-XII
435+ STUDENTS 95% & Above CBSE CLASS-X

## ADMISSIONS OPEN SESSION 2026-27
RPS TAKES THE GLOBAL LEAP WITH THE INTERNATIONAL BOARD FROM SESSION 2026-27

**Our Campuses:** Mahendergarh | Rewari | Rewari City | Dharuhera | Kosli | Behror | Hansi | Narnaul | Hisar | Gurugram Sec- 50 | Gurugram Sec- 89 | Karnal | Rohtak | Dadri | Rosewood City, Gurugram | Kanina | RPSIS Dharuhera

Top-Notch **Hostel Accommodation** for **Boys and Girls** at **M/GARH, KANINA, BEHROR, KOSLI & HANSI** CAMPUSES

Web.: www.rpsgroup.edu.in

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों संग मनाया दीपावली उत्सव

# दीपावली पर जगमग हुई धर्मनगरी, मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों के साथ दीपावली उत्सव मनाया। मुख्यमंत्री ने दीपावली, गोवर्धन पूजा, विश्वकर्मा दिवस एवं भाई दूज पर्व की प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी और जिला के नागरिकों को मिठाइयां वितरित की। उन्होंने दीपावली के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश का यह पर्व सभी के जीवन को साहस, उत्साह, बुद्धिमत्ता और उत्तम स्वास्थ्य से आलोकित करे। जैसा कि राष्ट्र अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव मना रहा है, आइए हम भी समाज को सद्भाव, समावेशिता और करुणा पर आधारित भविष्य की ओर ले जाने के लिए और अधिक प्रयास करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 स्थित निवास स्थान पर जिला के नागरिकों के साथ दीपावली उत्सव मनाने के लिए विशेष तौर पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने करीब 3 घंटे तक कुरुक्षेत्र व लाडवा के लोगों के साथ दीपावली पर्व मनाया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी,भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दीपावली पर्व पर पुष्प गुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश और जिला में चल रहे विकास कार्यों को लेकर लोगों से चर्चा की। इसके साथ ही समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दीपावली, जिसे दीपावली या दीपोत्सव के नाम से भी जाना जाता है, जो हमारे सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय त्योहारों में से एक है।



### दुल्हन की तरह सजे घर व बाजार

*पर्व के उल्लास को लेकर लोगों ने मिठाइयां बांटी और एक दूसरे के गले मिलकर खुशी का इजहार किया। दीपावली पर्व को लेकर सोमवार को इलाके के घर व दुकानें दुल्हन की तरह सजे हुये थे। हर घर में धन की देवी महालक्ष्मी के पूजन को लेकर विशेष तैयारियां भी की गई थी। देर शाम धन, वैभव और सुख-समृद्धि के लिये हर घर में लक्ष्मी-गणेश की विधि विधान से पूजा-अर्चन कर सुखमय जीवन की कामना की गई। जिले में स्थापित मां लक्ष्मी प्रतिमा के पाण्डालो में लोगों की भारी भीड़ उमडी। लोग पूजन-अर्चन कर खूब जयकारे लगाए। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।*

### वायुमंडल हुआ प्रदूषित

जिला भर में दीपावली पर पटाखें बिके। शहरों व गांवों सहित हर गली व मोहल्ले में पटाखें बिके। लोगों ने रात भर जमकर पटाखें भी चलाए। पटाखों की जोरदार आवाजों से जहां लोगों की नींद खराब हुई वहीं पटाखों से चारों और फैले धुंआ से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत पैदा हुई। पिछलें साल के मुकाबले इस वर्ष बड़ी मात्रा में पटाखें चलाए जाने से ना केवल वायुमंडल बुरी तरह प्रदूषित हुआ बल्कि सांस की बीमारियों के मरीजों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### देर रात तक चला खरीद का दौर

अतिशबाजी से दीवाली उल्लास को दोगुना करने के लिए पूरे दिन पटाखे की दुकानों पर युवाओं की भीड जीम रही। त्योहार को भुनाने के लिए युवाओं ने विभिन्न तरह के पटाखों की जमकर खरीदारी की। हालांकि दुकानों पर पटाखों की खरीददारी शनिवार से ही होती रही लेकिन सोमवार को पटाखों की सबसे अधिक खरीददारी की गई। यहां पर शाम के सात बजे तक पटाखों की खरीददारी होती रही।

### मिठाई की दुकानों पर पूरे दिन रही भीड़

प्रकाश पर्व पर मिठास घोलने के लिए पूरे दिन शहर के साथ ग्रामीण इलाके के चौक चौराहों पर स्थित दुकानों पर मिठाई के खरीददारों की भीड़ रहीं। लोगों ने उल्लास के साथ न सिर्फ मिठाइयों की खरीददारी की बल्कि एक दूसरे को उपहार में मिठाई देकर दीपावली की बधाई दी। खरीददारी के लिए सभी दुकानों पर शाम तक भीड़ जुटी रही। दीपावली पर मिठाई की मांग को देखते हुए दुकानदारों ने पहले से ही पूरी तैयारी कर रखी थी।

### सड़कों पर लगा जाम

दीपावली पर्व पर सुबह से दोपहर तक बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। रेलवे रोड, मोहन नगर, कच्चा घेर पर पूरे दिन जाम लगा रहा। सब्जी और मिठाई की दुकानों के अलावा पूजन सामग्री की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। गेंदा के फूल की माला 40 से 50 रुपये में बिकी। इसके अलावा गुलाब के फूल और गुलदस्ते भी बिके। लोग अधिकारियों और जन प्रतिनियों को बधाई देने के लिए गुलदस्ते लेकर पहुंचे। दीपावली पर्व पर सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद रही।

### घरों और दुकानों में की भगवान की पूजा

धन की देवी लक्ष्मी का पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। घर-घर और दुकानों -प्रतिष्ठानों में मां लक्ष्मी का पूजन कर आरती की गई। घर-परिवार के सदस्य लक्ष्मी पूजन के श्रेष्ठ मुहूर्त में मां लक्ष्मी का पूजन कर लक्ष्मी की कृपा और सुख -समृद्धि की कामना की। इस दौरान मां सरस्वती, महाकाली और कुबेर का भी पूजन किया। लक्ष्मी पूजन के लिए को घरों में तैयारियां चलती रही। वहीं बाजारों में खरीदारी का दौर चलता रहा।

### 51 हजार दीपों से जगमगाया गीता ज्ञान संस्थानम

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में गीता ज्ञान संस्थानम् में दीपावली पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। संस्थानम् परिसर में 51 हजार दीप जलाए गए, जिससे पूरा संस्थानम् जगमगा उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दीप जलाने और परिसर स्थित श्रीकृपा बिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भव्य रोशनी का खूब आनंद उठाया और गीता मनीषी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि दीपावली का पावन पर्व, राम अयोध्या आए, दीपोत्सव हुआ, दीप जगमगाए, नई हरियाली नई खुशहाली लाए...। राम हमारी अस्मिता हैं।



### चारों ओर दीपों की रही जगमगाहट

**पिहोवा।** दिवाली का पर्व शहर सहित ग्रामीण आंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर दीपों की रोशनी से प्रकाशित रहे तो बाजारों में भी रौनक देर रात तक बनी रही। आतिशबाजी और रोशनी से पूरा इलाका जगमगाता नजर आया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ व उपहार देकर बधाई दी और खुशियाँ साझा कीं। शाम होते ही मंदिरों और घरों में मंत्रोच्चारण व आरती की ध्वनि गूंज उठी। बड़ों के साथ - साथ छोटे बच्चों में भी पटाखे छोड़ने का उत्साह दिखाई दिया। दिवाली की रात आतिशबाजी और मिठाइयों की पैकिंग से शहर की सड़क वी गलियां कचरे से भर गई। सुबह होते ही नगर पालिका के सफाई कर्मचारी सफाई करने में जुट गए। नागरिकों ने भी स्वच्छता का संदेश देते हुए अपने घरों के बाहर कचरा एकत्र कर निपटान किया। सरस्वती मिशन हॉस्पिटल के एम.डी. डॉ. सुदर्शन चुघ, अधिवक्ता शिव दर्शन मुरार, हरियाणा मिल्क फूड के एम.डी. उमेश गोयल, समाजसेवी सुभाष गुप्ता ने कहा कि दिवाली सिर्फ रोशनी का नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और सेवा का पर्व है। इससे हमें प्रेरणा मिलती है कि अंधकार मिटाने के लिए एक दीपक ही काफी है। दिवाली के बाद आज बुधवार को मनाई जाने वाली गोवर्धन पूजा की तैयारियाँ भी शुरू हो गई हैं। नगर के अनेक मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन होगा, जहां भगवान को 56 भोग अर्पित किए जाएंगे।



**पिहोवा।** उपहार देकर खुशियां बांटते नगरवासी।

## यमुनानगर में धूमधाम से मनाया दीपावली त्योहार



**यमुनानगर।** दीपावली पर्व आकर्षक रुप से सजाया गुरुद्वारा साहिब।

*हिंदूओं के पवित्र एवं अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक दीपो का त्योहार दीपावली पर्व जिलेभर में उत्साह, हर्षोल्लास व धूमधाम से मनया गया। बच्चों ने जहां इस दिन जमकर आतिशबाजी की और ग्रीन पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं, लोगों ने इस बार मिठाइयां कम खरीदी और ड्राइफ्रूट के साथ अन्य उपहार खरीदकर अपने परिचितों, दोस्तों व रिश्तेदारों को उपहार भेंटकर दीपावली पर्व की शुभकॉमनाएं दी। खास बात यह रही कि दीपावली पर्व पर पूरा दिन बाजार में लोगों ने जमकर खरीदारी की। हालांकि इस बार दीपो के पर्व पर लोगों ने मिठाइयां और गिफ्ट खरीदकर अपने रिश्तेदारों व दोस्तों को भेंट किए। वहीं, रात के समय लोगों ने आतिशबाजी और ग्रीन पटाखे चलाकर जश्न मनाया।*

### वूलन स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**यमुनानगर।** शहर के रेलवे रोड स्थित राजेश वूलन स्टोर में सोमवार दोपहर आग लग गई। जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। जानकारी के अनुसार स्टोर संचालक लक्की ने बताया कि उनका होल सेल का काम है। उसका रेलवे स्टेशन रोड पर राजेश वूलन स्टोर है। सोमवार दोपहर को कर्मचारी स्टोर पर काम कर रहे थे तभी उन्हें स्टोर से अचानक धुआं उठता देखा। उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया मगर आज तेज गति से भभकने लगी। उन्होंने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर घंटा मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। आग किस कारण से लगी अभी इस बारे में कुछ भी पता नहीं चल पाया है। मगर अंदेशा लगाया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण स्टोर में आग लगी है। उधर, व्यासपुर में बस स्टैंड के पास कपड़ों की दुकान में आग लगी।सेक्टर 18 व खेड़ा मंदिर जगाधरी के पास खाली प्लाट में आग लगी। सरस्वतीनगर में टैंट की दुकान में आग लगी। चिट्टा मंदिर के पास एक फैक्ट्री में आग लगी। दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर सभी स्थानों पर लगी आग पर काबू पाया। आग लगने से सभी स्थानों पर लाखों रुपये का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

*यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा गांव सढ़ूरा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन*

## रादौर की क्रिकेट टीम ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

यूथ क्रिकेट क्लब सढ़ूरा के तत्वावधान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर फाइनल मैच रादौर व साढ़ूरा की टीम के बीच हुआ। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने भाग लिया। उन्होंने रिबन काटकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रादौर व सढ़ूरा टीम के बीच खेला गया। इस दौरान सढ़ूरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 4 ओवरों में 74 रन बनाए। जवाब में रादौर की टीम ने 1 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर प्रतियोगिता जीत कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस दौरान विजेता टीम को ट्राफी व 21 हजार रूपये के नगद पुरस्कार और उप विजेता रही सढ़ूरा की टीम को 11 हजार रूपये का पुरस्कार दिया गया।



**यमुनानगर।** गांव सढ़ूरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए

### विजेताओं को किया सम्मानित

*प्रतियोगिता में मैन ऑफ दी सीरीज के लिए खिलाड़ी विशाल मंडवाल को चुना गया। वहीं, बेस्ट बॉलर दीपक शर्मा (बिल्ली) रादौर, बेस्ट बल्लेबाज अजय गुर्जर को चुना गया। मुख्यातिथि नेपाल सिंह राणा व ब्लॉक समिति सदस्य धौडंग स्वर्ण सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच जसविंद्र सिंह, प्रवीण सैनी, बलवान सिंह सढ़ूरा, मलखान सिंह सढ़ूरा, देव सिंह सढ़ूरा आदि मौजूद रहे।*

### अब तक 8,34,746 मीट्रिक टन धान खरीदी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में धान की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन दोनों एजेंसियों ने 20 अक्टूबर देर सायं तक 834746 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में धान का 2389 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में धान की खरीद करने के लिए 22 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ धान की खरीद का कार्य किया जा रहा है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा अजराना कला मंडी से 4201 एमटी, अमीन मंडी से 2430 एमटी, बाबैन मंडी से 32087 एमटी धान खरीदा।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 को कुरुक्षेत्र में होगी जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी : डीसी

- द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 7 बजे होगी रन फॉर यूनिटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 31 अक्टूबर को जयंती समारोह को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस समारोह पर हर वर्ष की भांति इस बार भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन होगा। इस बार कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को लघु सचिवालय एनआईसी कार्यालय में रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित किया। इससे पहले पीएस सीएम अरुण कुमार गुप्ता ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करने के लिए कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस वर्ष प्रदेश स्तरीय रन फॉर यूनिटी का आयोजन फतेहाबाद में होगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आईजी अंबाला रेंज पंकज कुमार नैन ने भी रन फॉर यूनिटी आयोजन को लेकर कुछ आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला खेल अधिकारी को निर्देश दिए कि 31 अक्टूबर को द्रोणाचार्य स्टेडियम में सुबह 7 बजे आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी के लिए रूट प्लान तैयार करे। यह रूट प्लान दो से पांच किलोमीटर का होगा।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

## शहीदों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता

### जिला पुलिस लाइन में मनाया पुलिस शहीदी स्मृति दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन जगाधरी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवानो को जिला पुलिस की तरफ से श्रद्वासुमन अर्पित कर उन्हे श्रद्वांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि शहीद हुए जवानों को पुष्प चक्र अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा कर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदो से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे प्रण करना चाहिए की हम अपने सामने आने वाली किसी भी चुनौती का दृढता से सामना करेगें। इसके लिए हमें चाहे अपने प्राणों की आहुति क्यों न देनी पडे। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि वर्ष 1959 से चीन से सटी भारतीय सीमा की रक्षा में बलिदान देने वाले दस पुलिसकर्मियों की याद में यह खास दिन मनाना शुरु किया गया था। 21 अक्तूबर 1959 को चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस पुलिस के जवानों की शहादत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनवरी 1960 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिरक्षकों का वार्षिक सम्मेलन हुआ था।



**यमुनानगर।** जिला पुलिस लाइन जगाधरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद जवानों की शहादत को नमन करते हुए एसपी कमलदीप गोयल।



### आत्मा की ज्योति को जगाना और ज्ञान का प्रकाश फैलाना हमारा लक्ष्य : सरोज बहन

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीजः विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कहा कि दीपावली खुशियों का त्यौहार है, जिसमें आत्मा की ज्योति को जगाना और ज्ञान का प्रकाश फैलाना हमारा लक्ष्य है। परमपिता परमात्मा हमें ज्ञान धन देते हैं और हम उनके स्वरूप लक्ष्मी और महालक्ष्मी को पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा, विश्व की बादशाही दिव्य गुणों के रूप में देने आए हैं। हमारा लक्ष्य लक्ष्मी जी का आह्वान करने के लिए, दिव्य गुणों का आह्वान जीवन में करते रहना है। उन्होंने मन के व्यर्थ विचारों को समाप्त कर शुभ संकल्पों के दीप जलाने का संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी लता बहन ने पांच दिवसीय चलने वाले दीपावली पर्व का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व अपने साथ पांच त्योहारों को लेकर आता है। पहले दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि काम, क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार यह पांच विकार नरकासुर है। इस अवसर पर सर्व बी.के. राधा, सुदर्शन, पुष्पा, राज, नीरू, मधु, मीनाक्षी, सिमरन, पूजा, आरती, पूनम, नेहा, संतोष, नीलम, रेनू के साथ सर्व बी.के. हेमराज, राम अवतार, विनोद शर्मा, रघुवीर सिंह, कृष्ण, जगदीश आदि अनेक बहन -भाई मौजूद रहे।

### नवनियुक्त चेयरमैन रुपेंद्र और वाइस चेयरमैन बंसीलाल ने किया पदभार ग्रहण



**यमुनानगर।** रादौर मार्केट कमेटी कार्यालय में मुख्यातिथि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पहुंचने पर स्वागत करते हुए कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन रुपेंद्र मल्ली व अन्य।

**रादौर।** रादौर मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन रुपेंद्र मल्ली व वाइस चेयरमैन बंसीलाल सैनी ने कमेटी कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मौजूद रहे। मौके पर चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मार्केट कमेटी रादौर के नवनियुक्त चेयरमैन रूपेंद्र मल्ली ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व पार्टी हाईकमान का हार्दिक आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि वह किसानों व आढ़तियों के साथ मिलकर विकास कार्य करवाने को प्राथमिकता देंगे। क्षेत्र में मार्केट कमेटी के द्वारा अधिक से अधिक विकास कार्यों को लेकर कड़े प्रयास किए जाएंगे।

**कार्यक्रम** गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में धूमधाम से मनाया बन्दी छोड़ दिवस

*पंज प्यारों को सिरोपा भेंट कर उनका सम्मान किया*

## तख्त श्रीहरमंदिर पटना साहब से आरंभ हुआ महान नगर कीर्तन का श्रद्धाभाव से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

धन धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई मति दास, भाई सती दास एवं भाई दियाला सिंह के 350 साल शहीदी पर्व को समर्पित सख्त श्री हरमंदिर पटना साहब से आरंभ हुआ महान नगर कीर्तन कुरुक्षेत्र पहुंचा। धर्मनगरी के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहब पातशाही छठी में महान नगर कीर्तन का श्रद्धा भाव से स्वागत किया गया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा, मैंबर सरदार हरमनप्रीत सिंह, बीबी जसबीर सिंह मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, धर्म प्रचार के सचिव परमजीत सिंह शेरगढ़ और मैनेजर हरमीत सिंह ने नगर कीर्तन का अभिनंदन करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया। इन सभी ने पंज प्यारों को सिरोपा भेंट कर उनका सम्मान किया।



### श्री पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया

सोमवार को रात्रि विश्राम के बाद आज मंगलवार को महानगर कीर्तन अगले पड़ाव के लिए यहां से रवाना हो गया इस दौरान भी संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की फूलों से सजी श्री पालकी साहिब के समक्ष शीश नवाया। नगर कीर्तन में श्री पालकी साहिब में सुशोभित धन धन बाबा दीप सिंह जी की हस्त लिखित साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूप के दर्शन कर संगत ने स्वयं को पुण्य का भाग्य बनाया। उधर मंगलवार को धन धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के पवित्र चरण छौह प्राप्त अस्थान ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में बन्दी छोड़ दिवस (दीपावली) बड़े श्रद्धाभाव और धूमधाम से मनाया गया।

### ये रहे मौजूद

*इस शुभ अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, मैंबर सरदार हरमनप्रीत सिंह, बीबी जसबीर कौर मसाना, सुखजिंदर सिंह मसाना, मैनेजर हरमीत सिंह, आई टी विंग इंचार्ज हरकीरत सिंह सहित भारी संख्या में संगत ने धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और शरबत के भले की अरदास की। इस दौरान संगत ने गुरबाणी कीर्तन भी श्रवण किया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने संगत को बंदी छोड़ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को गुरबाणी से जोड़ना चाहिए।*

## खबर संक्षेप

### अंबाला-दिल्ली हाइवे पर हादसा, युवक की मौत

**अंबाला।** अंबाला-दिल्ली हाईवे के पास सर्विस लेन पर रात तेज रफ्तार पिकअप और एक्टिवा के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहन सर्विस लेन से 20 फीट नीचे खाई में जा गिरे। पिकअप में शॉर्ट सर्किट से हल्की आग लगने के बाद धुआं-धुआं हो गया। चालक फरार हो गया। एक्टिवा चालक दुर्गा नगर के मोहित उम्र 32 साल गंभीर रूप से घायल हो गया। अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मोहित कबाड़ का कारोबारी था। कुरुक्षेत्र के मोहड़ी गया था। वापस लौटते समय हादसा हो गया।

### महिला का कीमती सामान चोरी, केस

**अंबाला।** नई दिल्ली-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया। लुधियाना के सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली निशा सिंह की शिकायत पर जीआरपी ने मामला दर्ज किया है। निशा सिंह ने बताया कि 19 अक्तूबर को वह ट्रेन नंबर 22487 में नई दिल्ली से लुधियाना तक सफर कर रही थीं। जब ट्रेन अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो किसी ने सीट पर रखे उनके बैग को चोरी कर लिया। बैग में सोने की चेन, सोने का ब्रेसलेट, हीरे की अंगूठी, कपड़े व अन्य सामान था।

### बदलते मौसम में प्रदूषण बढ़ना हुआ शुरू

**अंबाला।** बदलते मौसम और वाहनों की ज्यादा आवाजाही से प्रदूषण बढ़ना शुरू हो गया है। मौसम बदलने से सुबह व शाम को मौसम धुंधला होने लगा है। इसके साथ ही धूल उड़ने से भी दिक्कत आ रही है। मंगवार शाम को एक्यूआई में बढ़ौतरी दर्ज की गई। दीवाली के दौरान पटाखों के कारण एक्यूआई बढ़ने से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की जरूरत है।

### अंबाला क्षेत्र में गेहूं की बिजाई पकड़ेगी जोर

**अंबाला।** धान की कटाई ने आखिरी चरण में जोर पकड़ लिया है। तेज धूप निकलने से धान की कटाई जोरों पर चल रही है। अंबाला खंड वन में नग्गल क्षेत्र के साथ जलबेड़ा क्षेत्र में भी धान की कटाई चल रही है। धान की कटाई के साथ ही आलू की बिजाई की जा रही है और गेंहू की बिजाई के लिए किसानों की ओर से तैयारी की जा रही है। 25 अक्तूबर के बाद गेहूं की बिजाई जोर पकड़ेगी। जिले में 88 हजार हेक्टेयर गेहूं का रकबा होता है, जिले में 1300 मीट्रिक टन डीएपी खाद आ चुकी है।

### बस न मिलने के कारण यात्रियों को हुई परेशानी

**अंबाला।** दीवाली को लेकर अंबाला छावनी बस अड्डे पर हरिद्वार और सहारनपुर मार्ग के यात्रियों को बस न मिलने के कारण परेशानी झेलनी पड़ी और घंटों इंतजार करना पड़ा। दिवाली पर सहारनपुर रुड़की और हरिद्वार की ओर जाने वाली यात्रियों की संख्या अचानक बढ़ गई। दो घंटे तक हरिद्वार मार्ग की बस नहीं आई।

## आईजी व एसपी ने पुष्प चक्र अर्पित कर जवानों को किया नमन

# शहीद जवानों और पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**शहीदों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मंगलवार को अंबाला शहर की पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर देश के लिए शहीद हुए पुलिस और अर्ध सैनिक बल के जवानों को पुलिस की तरफ से श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस महानिरीक्षक गुप्तचर विभाग अशोक कुमार व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने देश के लिए शहीद हुए पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों को पुष्प चक्र अप्रित कर नमन किया। आईजी अशोक कुमार ने कहा कि देश की रक्षा कर अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद हमारे देश की अमूल्य धरोहर हैं।

शहीदों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में प्रण करना चाहिए कि हम अपने सामने आने वाली किसी भी चुनौती का दृढ़ता से सामना करेंगे। चाहे इसके लिए प्राणों की आहुति क्यों न देनी पड़े। उन्होंने कहा कि देश की सीमा की रक्षा में लगे सैन्य बलों के बलिदान की कई कहानियां सुनी होंगी लेकिन हमारे पुलिस कर्मियों के शौर्य और बलिदान का इतिहास किसी से कम नहीं है। कुछ ऐसा ही साल 1959 में हुआ था जब पुलिसकर्मी पीठ दिखाने की बजाय चीनी सैनिकों की गोलिया सीने पर खाकर शहीद हुए थे। उसकी याद में हर वर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। ये बात 21 अक्तूबर 1959 की है जब 10 पुलिस कर्मियों ने अपना बलिदान दिया था। तब तिब्बत के साथ देश की 2500 मील की सीमा की निगरानी की जिम्मेवारी देश के पुलिस कर्मियों की थी। उस समय चीनी सैनिकों द्वारा छुप कर किए गए हमले में देश के 10 वीर शहीद हो गए थे जबकि सात अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। इन सातों घायल पुलिस कर्मियों को चीनी सैनिक बंदी बनाकर ले गए थे। जब कि बाकी अन्य पुलिसकर्मी वहां से निकलने में कामयाब रहे। 13 नवंबर 1959 को शहीद हुए 10 पुलिस कर्मियों के शव चीनी सैनिकों ने लौटा दिए। उन पुलिस कर्मियों का अंतिम संस्कार हाट स्प्रिंग्स में पूरे पुलिस सम्मान के साथ हुआ। उस दिनों से शहीदों के सम्मान में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।


**अंबाला।** शहीद पुलिस कर्मचारियों को नमन करते आईजी अशोक कुमार।

### शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखें

पुलिस अधीक्षक अजीत सिहं शेखावत ने कहा कि हमें अपने शहीदों के बलिदान को याद रखते हुए हमेशा अपने कर्तवयों का निर्वहन सच्ची निष्ठा, बहादुरी और लगन से करना चाहिए, चाहे उसमें हमारे प्राण ही क्यों ना चले जाए। आईजी ने शहीद बहादुर हवलदार प्रीता राम व शहीद बहादुर सिपाही करनैल सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी अशोक कुमार के साथ-साथ उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम वीरेंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक प्रथम वाहिनी सुरेश कुमार व अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारियों ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**जो बोले सो निहाल के नारों से गूंजा वातावरण**

## तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना साहिब से निकला नगर कीर्तन अंबाला पहुंचा


अंबाला पहुंचे नगर कीर्तन का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे नगर कीर्तन का मंगलवर को तख्त श्री हरमंदिर साहिब, पटना साहिब से अंबाला पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया।

**गतका पार्टियों ने दिखाए जौहर, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**

सुबह 11:30 बजे गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब पहुंचा। यहां वातावरण 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयघोषों से गूंज उठा। यह नगर कीर्तन पूरे देश में विभिन्न ऐतिहासिक गुरुद्वारों से होते हुए यात्रा कर रहा है।

### लंगर भी लगाया गया

गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने सेवा भेंट की और लंगर का आयोजन किया। सिख निहंग जत्थों ने अपने पारंपरिक युद्ध कौशल 'गतका' का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखा गया। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की सवारी पंच प्यारों की अगुआई में चल रही है। उनके पीछे कीर्तन जत्थे गुरु महिमा का गुणगान कर रहे थे। रास्ते भर गुरबाणी के मधुर स्वर गूंजते रहे और भक्त भाव विभोर होकर कीर्तन में शामिल होते रहे।

# एसवाईएल में जलस्तर घटने से कई वार्डों में पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के कुछ वार्डों में पानी का संकट बढ़ रहा है। दरअसल पंजाब से आने वाली एसवाईएल (सतलुज यमुना लिंक) नहर का जलस्तर कई सप्ताह बाद भी सामान्य नहीं हो पाया है। इसके चलते शहर के कई इलाकों में पिछले दो सप्ताह से लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल रहा।

**पिछले 15 दिनों से लोगों को नहीं मिल पा रहा पानी**

जलस्तर में लगातार गिरावट के कारण जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में केवल एक बार ही सप्लाई देने का निर्णय लिया है। अंबाला शहर में वार्ड नंबर 6, 7, 8 और 9 के लोग सबसे अधिक परेशान हैं। पहले जहां एसवाईएल का जलस्तर 17 फुट तक रहता था वहीं अब यह घटकर 12-13 फीट तक सीमित हो गया है।

इस वजह से शहर को मिलने वाली जल आपूर्ति 60 एमएलडी से घटकर लगभग 35 से 40 एमएलडी रह गई है। शहर में फिलहाल करीब 46 हजार पानी के कनेक्शन हैं जबकि हजारों अवैध कनेक्शन भी चल रहे हैं।

नतीजतन, एक ही समय सप्लाई मिलने से ऊंचाई वाले क्षेत्रों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। जब सप्लाई शुरू होती है तो निचले इलाकों में मोटर चलने के कारण ऊपरी क्षेत्रों में पाइपों में पानी का दबाव नहीं बन पाता। हालांकि अंबाला छावनी में स्थिति सामान्य है।

### तीन स्टोरेज टैंक तैयार

*यहां नरवाना ब्रांच नहर से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से हो रही है। नहर से अढ़ोमाजरा तक प्राकृतिक रूप से और इसके बाद पंपों के माध्यम से जल लिफ्ट किया जाता है। छावनी क्षेत्र में लगभग 43 हजार पानी के कनेक्शन हैं। यहां औसतन 50 एमएलडी पानी प्रतिदिन सप्लाई किया जा रहा है। इसके अलावा 150 ट्यूबवेल और 30 एमएलडी की क्षमता वाला नया स्टोरेज टैंक भी तैयार हो चुका है। पहले केवल घसीटपुर में 20 एमएलडी का एक ही टैंक था। शहर के लिए राहत की बात यह है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए तीन स्टोरेज टैंक तैयार रखे गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन टैंकों में इतना पानी है कि आवश्यकता पड़ने पर सात से आठ दिनों तक शहर को जलापूर्ति की जा सकेगी।*

### रेलवे में नौकरी का लालच देकर 85 लाख की ठगी

**अंबाला।** रेलवे में स्टेशन मास्टर, टीटीई व क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर 85 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में नामजद आरोपियों को अदालत ने अग्रित जमानत देने से साफ इंकार कर दिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ बेहद जरुरी है। इस मामले में आरोपी प्रवेश व उसकी पत्नी जैहरान नाग की ओर से दूसरी बार अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी। तीसरे आरोपी राजू नाग की तरफ से पहली अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यह मामला बेरोजगार युवाओं के शोषण से संबंधित है। अभियुक्तों से सच्चाई का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ आवश्यक है क्योंकि उन्होंने अपने बैंक खातों में कथित राशि ली थी। आरोपियों की अब पुलिस तलाश रही है।

## पूरे प्रदेश में उत्साह के साथ मनाई जाएगी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता ने मंगलवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधान सचिव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे राज्य में उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में कार्यक्रमों की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करवाए। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम फतेहाबाद में आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान आईजी अंबाला रेंज पंकज कुमार नैन ने भी रन फॉर यूनिटी आयोजन को लेकर कुछ जरूरी निर्देश दिए। वीसी के दौरान उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रधान सचिव को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना करते हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**31 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में राज्य सरकार ने मनाने का किया फैसला**

### डीसी ने की बैठक

*उपायुक्त ने डीसी कैंप कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को जिले में भव्य व शानदार तरीके से राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना है। इसके तहत जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। आगामी कार्यक्रम को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अवसर पर रूट प्लान तैयार किया जाए। मौके पर खेल विभाग के अधिकारी राम स्वरूप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, तहसीलदार आदित्य, एडीआईओ शुभम अन्य अधिकारी मौजूद रहे।*

## 85 फीसदी धान का उठान, मौसम की मार के कारण आवक में कमी

हरिभूमि न्यूजर ▶▶| अंबाला

मंडियों में अब उठान में अधिक तेजी दिखाई दे रही है। मंडियों में अब धान के ढेर कम और धान की बोरियां अधिक दिखाई दे रही हैं। इससे मंडियों में आवाजाही के लिए रास्ता भी खुल गया है। अभी तक मंडियों से 85% धान का उठान पूरा हो चुका है। फसल बेचने के लिए पहुंच रहे किसानों को भी राहत मिली है। अभी तक जिले की 15 मंडियों में 481289 टन धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 471993 टन धान की खरीद पूरी हो चुकी है। अभी तक मंडियों से 466248 टन धान का उठान पूरा हो चुका है। इस बार धान की पैदावार में कमी देखने को मिल रही है। बारिश और जलभराव के कारण 20 से 30 प्रतिशत पैदावार घटी है। इसलिए मंडियों में धान उठाने के लिए मिलर्स का कोटा 30 हजार क्विंटल तक निर्धारित किया गया है। जब सभी मिलर्स का कोटा पूरा हो जाएगा। इसके बाद अतिरिक्त धान का उठान पूरा होगा। राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रधान राजेश बंसल ने बताया कि पैदावार में कमी देखने को मिल रही है। इसलिए कोटा बनाया गया है। अगर मंडियों में आवक बढ़ेगी तो अतिरिक्त धान का उठान कर सकेंगे।

**मंडियों में अब तेजी से हो रहा है धान का उठान**

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ उठाएं सभी पात्रः डीसी गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं।

-लाभार्थियों को प्रदान की जाती है सहायता राशि उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है।

### छह माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य



उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद छह माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।



### सेवादारों ने मजदूरों के बच्चों संग मनाई दीपावली

**रादौर।** डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने दीपावली पर्व पर रादौर क्षेत्र के ईंट भट्ठा पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों को पटाखे, मिठाई व अन्य वस्तुएं भेंटकर त्योहार को मनाया। इस दौरान प्रवासी मजदूरों को भी मिठाई बांटकर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। सेवादार सतीश इंसा व जसवंत इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की ओर से दीपावली का पर्व ईंट भट्टे पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चों के साथ मनाया गया। इस दौरान सेवादारों ने 160 बच्चों को मिठाई बांटी व 80 जरूरतमंद बच्चों को जूते पहनाए। जिससे सर्दी से उनको राहत मिल सके। इससे बच्चे बहुत खुश हुए व उनके माता पिता ने संत राम रहीम व सेवादारों का आभार व्यक्त किया। सेवादार सतीश इंसा व जसवंत इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में अच्छा काम किया जा रहा है। डेरा सच्चा सौदा के सेवादार गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम की शिक्षाओं पर चलते हुए हर त्योहार मानवता भलाई के कार्य करके ही मनाते हैं। इस अवसर पर राहुल इंसा, तनुज इंसा, विजय इंसा, आशीष इंसा, साहिल इंसा, अमित ख़ान, प्रदीप, अंकित, डॉ. अंजलि, समर्थ, अनिता, सलोचना, पायल, तनु, सानिया व शिवानी आदि मौजूद रहे।

## शराब न दिलाने पर युवक के सिर पर बोतल मारकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ठेके से शराब की बोतल न दिलाने पर युवक के सिर में बोतल मारकर घायल कर दिया गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोप गांव के ही बलदेव पर लगा है। बूड़िया थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव रामपुर खादर निवासी रविंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को उनका एक रिश्तेदार घर पर आया हुआ था। शाम के समय उसे अड्डे की ओर लेकर गया। जहां रिश्तेदार के लिए शराब खरीदी। इसी दौरान गांव का ही बलदेव भी वहां पर आ गया। वह शराब पिए हुए था। वह और भी शराब दिलाने की जिद करने लगा। उसे मना किया तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। इतने में ही आरोपी ने शराब की बोतल सिर पर मार दी। जिससे लहूलुहान हो गया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसके सिर में टांके लगे हैं। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज**

### रंजिश के चलते दुकानदार पर हथियार से हमला

**यमुनानगर।** गांव दड़वा माजरी में मीट की दुकान खोलने का विरोध करने की रंजिश में किराना दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दिया गया। आरोप गांव के ही कुछ युवकों पर लगा है। आरोपियों ने धारदार हथियार से वार कर दुकानदार को घायल कर दिया। उसकी कार भी तोड़ डाली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव दड़वा माजरी निवासी नरेंद्र ने बताया कि उनकी गांव में ही किराना की दुकान है। गांव के ही बंटी, समीर, लियाकत व सूरज उससे रंजिश रखे हुए हैं, क्योंकि आरोपी गांव में मीट की दुकान की खोलना चाहते हैं। जिसका वह विरोध कर रहा है। उसने दीपावली के लिए दुकान पर पटाखे रखे हुए थे। सोमवार की रात लगभग दस बजे आरोपी दुकान में घुस आए।

**पुलिस ने चार आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज**

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**छठ समेत दूसरे पर्व पर बिहार जाने वालों को मिलेगी भारी राहत**

# बिहार जाने वाले यात्रियों को मिलेगी एसी बस की सुविधा, तीन महीने मिलेगी सर्विस

**यह सेवा विशेष रूप से त्योहारों के लिए शुरू की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बिहार जाने वाले यात्रियों को अब एयरकंडीशन बस की सुविधा मिलेगी। छठ पर्व को देखते हुए अंबाला से बिहार के विभिन्न शहरों के लिए सीधी वातानुकूलित (एसी) निजी बस सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है। यह सुविधा अगले तीन महीनों तक उपलब्ध रहेगी। इससे छठ पर अपने घर जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रोडवेज जीएम अश्विनी डोगरा के अनुसार अब तक अंबाला से बिहार के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं थी। ऐसे में जिन यात्रियों की रेल टिकटें कंफर्म नहीं होती थी। उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब वे आरामदायक एसी बसों में सफर करके आसानी से अपने घर पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि अंबाला से बिहार के लिए 15 निजी वातानुकूलित बसों का संचालन किया जा रहा है। हरियाणा और बिहार सरकारों के बीच हुए समझौते के तहत यह सेवा विशेष रूप से त्योहारों के मौसम के लिए शुरू की गई है। इस समझौते के मुताबिक, हर साल त्योहारों के दौरान तीन महीने तक ये बसें चलाई जाएंगी। इस व्यवस्था को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने की योजना बनाई गई है। त्योहारों में बिहार जाने वाले यात्रियों की रेल टिकटें प्रायः कंफर्म नहीं होतीं या लंबी वेटिंग में फंस जाती हैं। ऐसे में यह बस सेवा यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक विकल्प साबित होगी।

**अब तक अंबाला से बिहार के लिए कोई सीधी बस सेवा नहीं थी**



### किराया किफायती रखा

इन बसों में किराए को भी किफायती रखा गया है ताकि सामान्य वर्ग के यात्री भी आसानी से सफर कर सकें। कई ऑपरेटर यात्रियों को त्योहारों के दौरान किराए में छूट भी दे रहे हैं। वातानुकूलित बसों में आरामदायक सीटिंग व्यवस्था, जीपीएस ट्रेकिंग और आवश्यक सुरक्षा इंतजाम भी किए गए हैं। अंबाला से चलने वाली बसें बिहार के कई प्रमुख मार्गों पर संचालित की जा रही हैं। इनमें अंबाला से पटना जाने वाली बस करनाल, शामली, मेरठ, हापुड़, अलीगढ़, एटा, कन्नौज, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, कुशीनगर, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर होते हुए पटना पहुंचती है। इसी तरह अंबाला से पूर्णिया और मधुबनी के लिए चलने वाली बसें करनाल, मेरठ, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर, कुशीनगर, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और सहरसा होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचती हैं।